भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.02.2026 के
तारांकित प्रश्न सं. 79 का उत्तर

रेलगाड़ी में शौचालयों की साफ-सफाई

***79. श्री श्रीभरत मतुकुमिल्ली:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) **यात्री रेलगाड़ियों के डिब्बों में सफाई की आवृत्ति, स्टाफिंग व्यवस्था, संविदात्मक तंत्र और निगरानी प्रोटोकॉल सहित शौचालयों की साफ-सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में क्या उपाय किए जा रहे हैं;**

(ख) **क्या सरकार ने इन उपायों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए विगत पांच वर्षों के दौरान कोई निरीक्षण, संपरीक्षा, यात्रियों की प्रतिक्रिया का विश्लेषण/आंतरिक मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो इसके मुख्य निष्कर्ष क्या रहे हैं;**

(ग) **विशेषकर शौचालय की स्वच्छता और उपयोगिता में सुधार लाने के लिए सामान्य एक्सप्रेस और मेल डिब्बों में पिछली बार अवसंरचना/डिजाइन संबंधी किए गए बदलावों का ब्यौरा क्या है;**

(घ) **क्या सरकार ने शौचालय की साफ-सफाई में सुधार लाने के लिए यात्राओं के दौरान रेलगाड़ियों में शौचालय की सफाई करने वाले कार्मिकों की तैनाती सहित वैकल्पिक प्रचालनात्मक स्टाफिंग मॉडलों की जांच की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

(ङ) **क्या यात्री किराए में न्यूनतम एवं श्रेणी-वार समायोजन के माध्यम से ऐसे उपायों के वित्तपोषण की व्यवहार्यता की जांच की गई है और यदि हां, तो ऐसी जांच का क्या परिणाम निकला?**

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

दिनांक 04.02.2026 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 79 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ङ): भारतीय रेल में स्वच्छता बनाए रखना एक सतत प्रक्रिया है और सवारी डिब्बों के उचित रूप से रखरखाव और साफ सफाई रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाते हैं। रेलवे द्वारा शौचालयों सहित सवारी डिब्बों में स्वच्छता और साफ-सफाई की निगरानी और सुनिश्चितता के लिए कई उपाय किए गए हैं, जो कि निम्नानुसार हैं:

- **प्राथमिक अनुरक्षण के दौरान सवारी डिब्बों, जिसमें अन्तःभाग, बाह्य भाग और शौचालय शामिल हैं, की बेहतर सफाई के लिए सवारी डिब्बों की यंत्रीकृत सफाई सुनिश्चित की जा रही है।**
- **चलती गाड़ियों में स्वच्छता बनाए रखने और यात्रियों की किसी भी शिकायत का समाधान करने के लिए ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग कर्मियों की सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं।**
- **चुनिंदा गाड़ियों में यंत्रीकृत सफाई सुनिश्चित करने के लिए क्लीन ट्रेन स्टेशन सेवा शुरू की गई है, जिसमें उनके निर्धारित मार्गवर्ती ठहराव के दौरान शौचालयों की सफाई करना भी शामिल है। उच्च दबाव वाली जेट मशीनों और सफाई उपकरण से सुसज्जित समर्पित कर्मी दलों द्वारा सवारी डिब्बों के शौचालयों की सफाई की जाती है और उसके पश्चात उसे सुखाने का कार्य किया जाता है।**
- **सभी सवारी डिब्बों में बायो-शौचालय लगाए गए हैं ताकि सवारी डिब्बों से मानव अपशिष्ट पटरियों पर नहीं गिरे, जिससे सफाई स्तर में सुधार हुआ है। बायो-शौचालयों के प्रावधान का ब्यौरा निम्नलिखित है:-**

अवधि	संस्थापित किए गए बायो-शौचालयों की संख्या
2004-2014	9,587
2014 से अभी तक	3,61,572

- **निरीक्षणों के माध्यम से नियमित निगरानी की जाती है, और रेल मदद/रेलवन ऐप और अन्य यात्री इंटरफेस के माध्यम से फीडबैक प्राप्त किया जाता है।**

स्टेशनों और गाड़ियों में स्वच्छता और साफ-सफाई के रखरखाव के लिए भारतीय रेल में समर्पित बजटीय प्रावधान मौजूद हैं। स्वच्छता मुहैया कराने के लिए यात्री किराए के किसी भाग में कोई प्रभार नहीं लिया जाता।

*****